प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 30.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- कोल्हान के जंगलों में नक्सिलयों के खिलाफ अभियान तेज; सीआरपीएफ डीजी ने कहा– निर्णायक दौर में लड़ाई।
- राज्य में एसआईआर से पहले मतदाताओं की मैपिंग प्रक्रिया तेज, अब तक पचहत्तर प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा।
- रामगढ़ के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में पासिंग आउट परेड संपन्न; 1121 अग्निवीरों ने राष्ट्र रक्षा की ली शपथ।
- संताल परगना में डेमोग्राफी बदलाव की जांच करेगी भाजपा की हाईलेवल कमेटी; बाबूलाल मरांडी ने बताया राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा।
- झारखंड टी–20 क्रिकेट लीग के लिए थोड़ी देर बाद शुरु होगी नीलामी; 271 क्रिकेटरों पर लगेगी बोली।

********************

कोल्हान और सारंडा क्षेत्र को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाने के लिए सुरक्षा बलों ने अपनी अंतिम रणनीति तैयार कर ली है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने चाईबासा पहुंचकर नक्सल विरोधी अभियानों की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

********************

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले मतदाताओं की मैपिंग प्रक्रिया में तेजी आ गई है। अब तक 75 दशमलव एक नौ प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 23 मई से अन–मैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित होने के बाद महज एक सप्ताह के भीतर 5 लाख14 हजार से अधिक मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूरा किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जो मतदाता अभी तक अन–मैप्ड हैं, वे 15 जून तक अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर मैपिंग करा सकते हैं।

********************

रामगढ़ स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के किलाहारी ड्रिल स्क्वायर में आज 1 हजार 121 अग्निवीरों ने शानदार पासिंग आउट परेड और भव्य शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। इस समारोह में जवानों की 24 सप्ताह की कठिन सैन्य ट्रेनिंग का प्रदर्शन दिखा। मौके पर ड्रिल और फायरिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वीर जवानों को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि और सेंटर के कमांडेंट, ब्रिगेडियर साजेश बाबू पी.जी. ने नव–दीक्षित सैनिकों के समक्ष सेना के गौरव और उनके नए दायित्वों को रेखांकित किया।

********************

राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण हो रहे डेमोग्राफी बदलाव की जांच के लिए भारतीय जनता पार्टी ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पाकुड़ में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान यह जानकारी साझा की। श्री मरांडी ने स्पष्ट किया कि झारखंड और बंगाल समेत कई राज्यों में घुसपैठ की वजह से डेमोग्राफी बदली है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बेहद गंभीर और चिंता का विषय है।

********************

रांची के आईसीएआर–भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान और रातू के किंग फिशरीज के बीच सतत मत्स्य पालन तथा आजीविका विकास के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत जनजातीय युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों के लिए विशेष प्रशिक्षण व कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

संस्थान के निदेशक डॉ. सुजय रक्षित ने बताया कि यह साझेदारी वैज्ञानिक प्रजनन, हैचरी प्रबंधन और नैनो तकनीक को बढ़ावा देकर झारखंड को सतत मत्स्य विकास का मॉडल राज्य बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

********************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शिक्षा विभाग की बैठक में बड़ी कार्रवाई की है। ई–विद्या वाहिनी पर हाजिरी न बनाने वाले दो सौ पंद्रह शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है। साथ ही दस प्रतिशत से अधिक छात्र फेल होने वाले स्कूलों के सभी शिक्षकों और प्राचार्यों को शोकॉज जारी किया गया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में संभावित बाधा को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को 30 दिन का एलपीजी भंडार संरक्षित करने का निर्देश दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में यह महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार रणनीतिक भंडारों के माध्यम से ईंधन सुरक्षा मजबूत करने और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज गोवा राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी गोवावासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कामना की है कि प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध परंपराओं से संपन्न गोवा राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे। उन्होंने इस विशेष दिन पर गोवा की अद्वितीय सांस्कृतिक पहचान और देश के विकास में इसके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया।

********************

सांसद विद्युत वरण महतो की अध्यक्षता में जमशेदपुर समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति –दिशा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस उच्चस्तरीय बैठक में विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले के विभिन्न सरकारी विभागों और केंद्र व राज्य प्रायोजित विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

भीषण गर्मी को देखते हुए सांसद ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खराब ट्रांसफार्मरों को अविलंब बदलने के सख्त निर्देश दिए।

********************

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा घोषित नेशनल स्कॉलरशिप के लिए सरायकेला के दो युवा कलाकारों का चयन हुआ है। नीलदीप कुमार साहू को छऊ संगीत और अभिजीत दीत को छऊ नृत्य के लिए यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति मिलेगी। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से स्थानीय छऊ कलाकारों में खुशी का माहौल है।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 70 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ– जेएससीए द्वारा पहली बार आयोजित की जा रही पेशेवर झारखंड टी–20 क्रिकेट लीग के लिए अब से थोड़ी ही देर बाद जमशेदपुर में खिलाड़ियों की नीलामी शुरु होगी। इस ऐतिहासिक नीलामी में राज्यभर के कुल 271 चुनिंदा क्रिकेटरों पर बोली लगाई जाएगी।.इस टी–20 लीग का मुख्य उद्देश्य झारखंड के सुदूरवर्ती जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को एक बड़ा और पेशेवर मंच प्रदान करना है।

********************